नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि वस्त्र तथा फर्नीचर विभागों में खरीदारी उत्पाद के प्रतिस्पर्धी मूल्य तथा उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद एक नियत प्रक्रिया के अनुसार की जाती है। सुपर बाजार ने सूचित किया है कि वे इन विभागों में निविदाएं आमंत्रित किए बिना की गई खरीदारियों के बारे में आंकड़े नहीं रख रहे हैं। व्यापार जांच प्रभाग द्वारा वर्ष 1991-92, 1992-93 व 1993-94 के दौरान किए गए इन वस्तुओं के सौदों का ब्यौरा विवरण (**नीचे देखिए**) में दिया गया है।

(ख) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि फर्नीचर, मै० गोदरेज एण्ड बॉयस कम्पनी लि०, डिलाइट सेफ वर्क्स, न्यू एज इन्डस्ट्रीज, मॉडेक्स बिजनेस सिस्टम आदि से क्रय किया गया है। कपड़े की मदों की खरीदारी मै० रेमण्ड्स, एस० कुमार, ओ० सी० एम०, ग्वालियर, विमल, गार्डन, बिन्नी, बाम्बे डाईंग, एलगिन मिल्स आदि से की गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि फर्नीचर विभाग लोकप्रिय ब्रांडों, जैसे गोदरेज एण्ड बॉयस, न्यू एज आदि तथा साथ ही स्थानीय कम्पनियों द्वारा विनिर्मित मदों की बिक्री करता है। इसी प्रकार कपड़ा विभाग में लोकप्रिय मिलों, जैसे विमल, रेमण्ड्स, एस० कुमार, आदि द्वारा तैयार कपड़ों तथा साथ ही अन्य मिलों के कपड़ों की बिक्री की जाती है। मूल्य में संशोधन करना एक सामान्य व्यापारिक गतिविधि है और विनिर्माता द्वारा मूल्यों में संशोधन किए जाने के आधार पर ऐसा किया जाता है। गत तीन वर्षों के दौरान महीनावार खरीदारी व दरों में संशोधन के आंकड़ों को एकत्र करने, तालिकाबद्ध करने तथा उन्हें तैयार करने से प्राप्त होने वाले परिणाम इस कार्य में लगने वाले भारी परिश्रम तथा कार्य के भार के अनुरूप नहीं होंगे। इसके अलावा यह एक वाणिज्यिक सूचना है, जो प्रतिस्पर्धियों की जानकारी में नहीं आनी चाहिए।

(ङ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि आपूर्तिकर्ता को पंजीकृत करते समय उनसे यह वचन लिया जाता है कि वे किसी अन्य संस्था/संगठन को इन वस्तुओं की आपूर्ति उन दरों से कम पर नहीं करेंगे, जिन पर वे सुपर बाजार को सप्लाई करते हैं।

विवरण

क्रम संख्या	विभाग	व्यापार जांच के जरिए विभागवार बिक्री वर्ष		
		1991-92	1992-93	1993-94
1.	फर्नीचर	43,50,000.00	40,27,928.35	89,79,357.57
2.	कपड़ा	1,04,828.00	2,90,936.42	26,96,134.22

सुपर बाजार के कर्मचारियों का स्थानांतरण

1694. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सुपर बाजार के महाप्रबंधक ने हाल ही में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के स्थानांतरण के आदेश दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन कर्मचारियों के स्थानांतरण किस आधार पर किये गए हैं और क्या इनमें सहायक प्रबंधको और सहायक प्रबंधक (कार्मिक) का भी स्थानान्तरण किया गया है ;

(घ) स्थानान्तरित किये गए कर्मचारियों के नाम तथा पदनाम क्या हैं तथा उन्हें किस स्थान से किस स्थान पर स्थानान्तरित किया गया है ;

(ङ) क्या इन कर्मचारियों में से किसी के स्थानान्तरण को रद्द करने हेतु महाप्रबंधक से कोई सिफारिश की गई है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि बड़े पैमाने पर कोई तबादले नहीं किए गए है। काम की अपेक्षाओं तथा कर्मचारियों की उपलब्धता के अनुसार समय-समय पर तबादले किए जाते हैं।

(ख) ऊपर (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) और (घ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि हाल में सहायक प्रबंधकों के कुछ तबादले किए गए हैं परंतु सहायक प्रबंधक (कार्मिक) का तबादला नहीं किया गया है। सहायक प्रबंधकों के

वर्ग में सहायक प्रबंधक (क्रय), श्री हरविन्दर सिंह, सहायक प्रबंधक (ऋण), श्री के० के० सिंह और सहायक प्रबंधक (किराना तथा प्रसाधन सामग्री) श्री एस० के० मंडल के तबादले किए गए थे और उन्हे क्रमश: किराना व प्रसाधन सामग्री प्रभाग, केन्द्रीय क्रय प्रभाग तथा ऋण प्रभाग मे तैनात किया गया है ।

(ङ) जी, नहीं ।

(च) ऊपर (ङ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

सुपर बाजार की वार्षिक योजना हेतु स्वीकृत परिव्यय

1695. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के लिए सुपर बाजार की वार्षिक योजना हेतु स्वीकृत परिव्यय और वित्तीय प्रबंध संबंधी पैटर्न का ब्यौरा क्या है ;

(ख) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान सुपर बाजार ने अपनी किन-किन योजनाओ और विकास कार्यों पर स्वीकृत और आबंटित केंद्रीय राजस्व सहायता राशि वास्तव में खर्च की तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने उक्त वर्षो के दौरान आवंटित निधियों को उपयोग मे लाए जाने के संबध मे कोई आकलन कराया है ;

(घ) यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस क्षेत्र में कौन-कौन सी महत्वपूर्ण योजनाएं और परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री० हंसराज भारद्वाज) : (क) सुपर बाजार के लिए वर्ष 1994-95 हेतु 20 लाख रुपए का अनुमोदित बजट प्रावधान है ।

(ख) सरकार द्वारा वर्ष 1990-91 से 1993-94 के दौरान सुपर बाजार को दी गई वित्तीय सहायता तथा सुपर बाजार द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए व्यय की गई राशि का ब्यौरा विवरण (नीचे देखिए) में दिया गया है ।

(ग) और (घ) सरकार द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता के संबंध में सुपर बाजार से उपयोग प्रमाण-पत्र, योजना अथवा परियोजना के लिए राशि का उपयोग करने के तुरत बाद प्राप्त किए जाते हैं । मंत्रालय में समय-समय पर सुपर बाजार द्वारा उपयोग की गई राशि की समीक्षा की जाती है ।

(ङ) सुपर बाजार द्वारा सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता से शुरु की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भंडार की विभिन्न गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण करना; शाखाओं का नवीकरण तथा उनमे सुधार करना; नई शाखाए खोलना; जेनरेटर सेट संस्थापित करना और सुपुर्दगी वैनों की खरीद करना आदि शामिल है ।

विवरण

भंडार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता/किए गए व्यय का (वर्षवार) ब्यौरा

(लाख रु० में)

विवरण	अंश पूंजी ऋण	ऋण	राजसहायता	योग	सुपर बाजार द्वारा किया गया व्यय
1990-91					
कम्प्यूटर/ब्राडमा एल्फा न्यूमेरिकल मशीन लगाकर लेखाओ/बिलिंग प्रणाली व वस्तु सूची नियंत्रण को मजबूत करने के लिए ।	—	9.00	3.00	12.00	12,65,375.00
—वही—	—	3.75	1.25	5.00	6,50,468.00
20 शाखाओं के नवीकरण/उनमे सुधार करने के लिए	—	7.50	2.50	10.00	10,00,582.00
सुपुर्दगी/मोबाइल वनें क्रय करने के लिए	—	3.75	1.25	5.00	5,15,402.00
अतिरिक्त अंश पूंजी ऋण	8.00	--	--	8.00	5,15,402.00 भंडार की व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाई गई
	8.00	24.00	8.00	40.00	